## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–18.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत 10 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। कहा– महिलाओं का सशक्तिकरण सरकार का मुख्य बिंदु है।
- खूंटी में पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, गृह सचिव वंदना दादेल ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अफीम खेती पर कानूनी कार्रवाई और वैकल्पिक कृषि पर की चर्चा ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
- पश्चिमी सिंहभूम में अति कुपोषित बच्चों के लिए शिशु शक्ति कार्यक्रम की हुई शुरुआत, भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा ने कुपोषण दूर करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की अपील की।
- रांची में आज हॉकी इंडिया लीग के पुरुष वर्ग में होंगे दो मुकाबले, हैदराबाद तूफ़ान का सामना तमिलनाडु ड्रैगन्स से और टीम गोनासिका का सामना यूपी रुद्राज से होगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज संपत्ति स्वामियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में संपत्ति स्वामियों को स्वामित्व का अधिकार प्रदान करना है, साथ ही महिलाओं को हर प्रमुख योजना के केंद्र में रखना है। सर्वेक्षण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकी के माध्यम से परिवारों को स्वामित्व का अधिकार प्रदान कर ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष 2020 में स्वामित्व योजना शुरू की गई थी।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में एन सी सी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है और 2047 तक अग्रणी बनने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवा विकसित भारत के राजदूत होंगे।

******************

खूंटी जिले को अफीम मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार ने नशा मुक्ति अभियान तेज कर दिया है। इसके तहात पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता और गृह सचिव वंदना दादेल ने आज पंचायत प्रतिनिधियों और ग्राम प्रधानों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी में अफीम की खेती पर कानूनी कार्रवाई और वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में चर्चा की। मौके पर पुलिस महानिदेशक ने जनप्रतिनिधियों को अफीम से होने वाले दुष्प्रभाव और एनडीपीएस एक्ट से संबंधित कानूनी जानकारियां दी।

वहीं, गृह सचिव वंदना दादेल ने कहा कि जीरो टॉलरेंस के तहत अब अफीम उगाने वालों पर कार्रवाई होगी।

******************

रांची पुलिस ने छीनतई और नकली नोटों के कारोबार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने छीनतई गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 15 एंड्रॉयड मोबाइल, पैन कार्ड, सहित कई सामान बरामद किये हैं। वहीं, नकली नोटों के कारोबार में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे 500 के दो असली नोट और चार लाख निन्यानवे हजार आठ सौ रुपये के नकली नोट बरामद किये हैं।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों

पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

******************

पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में राज्य सरकार ने अति कुपोषित बच्चों के लिए शिशु शक्ति कार्यक्रम की शुरुआत की है। मौके पर भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा माझी और विधायक सुखराम उरांव ने कार्यक्रम का उद्घाटन कर बच्चों के बीच पोषक आहार का वितरण किया। मौके पर मंत्री और सांसद ने कुपोषण दूर करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की अपील की।

******************

पाकुड़ जिले के गोकुलपुर आम बगीचा में झामुमो कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह आयोजित हुआ। मौके पर राजमहल के सांसद विजय हांसदा, केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मु और विधायक स्टीफन मरांडी ने 2 फरवरी को दुमका में आयोजित होने वाले स्थापना दिवस की तैयारियों पर चर्चा की। मौके पर सांसद विजय हांसदा ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने की अपील की।

******************

गिरिडीह जिले में प्रवासी मजदूरों के लिए सेमीनार का आयोजन किया गया। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

रांची में हॉकी इंडिया लीग के पुरुष वर्ग में आज दो मुकाबले होंगे। पहला मैच हैदराबाद तूफान और तमिलनाडु ड्रैगंस के बीच हो रहा है। इसके बाद सवा आठ बजे टीम गोनासिका का सामना यूपी रुद्राज से होगा। महिला वर्ग में आज कोई मैच नहीं है।

*******समाप्त*******